अति तत्काल
समयबद्ध

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भूमि तथा विकास कार्यालय
राजभाषा अनुभाग

संख्या-ई-11017/4/2018-राजभाषा(प्रशा.)/953 दिनांक- 13 सितंबर, 2018

विषयः- भूमि तथा विकास कार्यालय में 14 सितंबर, 2018 से 28 सितंबर, 2018 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन।

*****

भूमि तथा विकास कार्यालय में इस वर्ष 14 सितम्बर, 2018 से 28 सितंबर, 2018 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। सरकारी कार्य में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:-

क्रम सं.	कार्यक्रम/प्रतियोगिता का नाम	दिनांक	समय
1.	उद्घाटन - हिन्दी पखवाड़ा 2018	14.09.2018	अपराह्न 3 बजे
2.	हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता	17.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
3.	हिन्दी नोटिंग तथा ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता	18.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
4.	राजभाषा प्रश्नोतरी	20.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
5.	हिन्दी आशु वाक प्रतियोगिता	25.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
6.	हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता (केवल एम टी एस के लिए)	27.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक

2. राजभाषा प्रश्नोतरी को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3000 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2000 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 1000 हजार रुपए की राशि के होंगे तथा प्रत्येक प्रतियोगिता में 500-500/- रु. के 2-2 प्रोत्साहन पुरस्कार भी रखे गए हैं। सभी प्रतियोगिताएँ (क्रम 1 से 5 तक) कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी अपने नाम, अनुभाग आदि की

...2/-

जानकारी संलग्न प्रपत्र में भरकर राजभाषा अनुभाग में वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती अनीता कुमारी को भिजवा दें।

कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लें एवं इस दौरान अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करें।

(रजनीश कुमार झा)
उप भूमि तथा विकास अधिकारी (प्रशासन)

कार्यालय में सभी अधिकारी/अनुभाग

प्रतिलिपिः

1. भूमि तथा विकास अधिकारी के निजी सचिव को सूचनार्थ
2. निदेशक (राजभाषा), आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
3. नोटिस बोर्ड
4. एन आई सी (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
5. लेखाधिकारी

प्रतियोगिताओं के संबंध में अनुदेश

1. इस प्रतियोगिता में भूमि तथा विकास कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले सकते हैं परन्तु परामर्शदाता, डाटा एंट्री ऑपरेटर, तथा संविदा पर कार्य कर रहे अधिकारी/कर्मचारी तथा राजभाषा अनुभाग में कार्यरत कार्मिक इन प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
2. हिंदीतर भाषी कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर उनकी उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में 20 प्रतिशत अतिरिक्त अंकों का वेटेज दिया जायेगा।
3. पुरस्कारों के निर्णय हेतु निर्णायक मण्डल का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
4. एक पुरस्कार विजेता को अधिकतम मूल्य के दो पुरस्कार ही दिए जाएंगे।

उप भूमि तथा विकास अधिकारी (प्रशासन)

हिंदी पखवाड़ा, 2018

प्रपत्र

मैं निम्नलिखित प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता/चाहती हूँ।

क्रम सं.	कार्यक्रम/प्रतियोगिता का नाम	दिनांक	समय
	उदघाटन - हिन्दी पखवाड़ा 2018	14.09.2018	अपराह्न 3 बजे
1.	हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता	17.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
2.	हिन्दी नोटिंग तथा ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता	18.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
3.	राजभाषा प्रश्नोत्तरी	20.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
4.	हिन्दी आशु वाक प्रतियोगिता	25.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक
5.	हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता (केवल एम टी एस के लिए)	27.09.2018	अपराह्न 3 बजे से 4.30 बजे तक

मेरा व्यक्तिगत विवरण निम्न प्रकार है:-

1. नाम: ____________________

2. पदनाम: ____________________

3. अनुभाग/प्रभाग/डेस्क: ____________________

4. टेलीफोन नम्बर: ____________________

5. मातृभाषा: ____________________

6. मैंने प्रतियोगिताओं के नियम पढ़ लिए हैं और उनसे मैं सहमत हूँ तथा उनका पालन करूंगा/करूंगी।

प्रतियोगी के हस्ताक्षर: ____________________

दिनांक: ____________________

____

(प्रतियोगी के नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर)

राजभाषा अनुभाग
भूमि तथा विकास कार्यालय
आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय